of the pricing formula extension of yard credit on soft terms to the shipping companies placing orders on Indian yards is under consideration.

(vi) *Central Inland Water Transport Corporation*

With a view to improving the performance and the viability of the Company's operations the following measures have been taken by the Government:—

(a) Modernisation of the fleet by acquisition of 63 new vessels at a cost of Rs. 68.80 crores on replacement account was approved by the Government under the 7th Plan scheme.

(b) Modernisation of the ship repair facilities of RBD of the Corporation has been sanctioned at a cost of Rs. 71.34 crores in December, 1992.

(c) A Voluntary Retirement Scheme has been approved with a view to off load the surplus manpower.

**Registration of Indian Ships Abroad**

1267. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Indian shipping companies have sought registration of Indian ships abroad;

(b) if so, whether Government have granted permission; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) The Indian Shipping industry has sought suitable amendment in the Merchant Shipping Act, 1958 in order to give powers to Central Government to permit registration of Indian owned ships abroad. This is with a view to facilitate raising of funds from abroad.

(b) and (c) According to expert legal opinion, if an Indian company acquires a ship in a foreign country with foreign loan and registers the ship in that country, it will remain a foreign ship and not an Indian ship. Therefore, it will not be obligatory on the company to register such a ship under the Merchant Shipping Act.

**दिल्ली परिवहन निगम की बस रूट गाईड**

1268. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सच है कि दिल्ली परिवहन निगम की बस रूट गाईड पिछले कई वर्षों से प्रकाशित नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(ग) बस रूट गाईड को कौन-कौन सी भाषाओं में प्रकाशित किया जाना होता है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर)** : (क) से (ग) दिल्ली परिवहन निगम की अन्तिम रूट गाईड फरवरी, 1990 में प्रकाशित की गई थी। यह रूट गाईड दो भाषाओं अर्थात् अंग्रेजी व हिन्दी में प्रकाशित की जाती है।

**दिल्ली में प्री-पेड टैक्सी और टी०एस०आर० सेवा**

1269. **श्री मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में किन-किन स्थानों से "प्री-पेड टैक्सी और टी०एस०आर०" सेवा उपलब्ध है;

(ख) जहां-जहां से ये सेवा उपलब्ध है इन स्थानों से दिल्ली में विभिन्न स्थानों के लिए कितना-कितना किराया लिया जाता है; और

(ग) उनके द्वारा सामान ले जाने के लिए कितना किराया लिया जाता है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)** : (क) ब्यौरा इस प्रकार है :—

1. इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-I
2. इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-II
3. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (पहाड़गंज की तरफ)
4. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट की तरफ)
5. आई०एस०बी०टी०
6. हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन
7. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन

(ख) ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। [नीचे देखिए]

(ग) उपर्युक्त उत्तर (क) में उल्लिखित क्रम सं० 3 से 7 के सामने दर्शाए गए स्थानों पर टी०एस०आर० तथा टैक्सी द्वारा 20 कि०ग्रा० से अधिक प्रत्येक सामान के लिए 1/- रु० और क्रम सं० 1 और 2 पर दर्शाए गए स्थानों पर 2/- रु० प्रति सामान।

**विवरण**

**दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा नियंत्रित निम्नलिखित प्री-पेड काउंटरों पर टी०एस०आर०/टैक्सी की दरें।**

1. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (पहाड़ गंज की तरफ)
2. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट की तरफ)
3. आई०एस०बी०टी०
4. हजरत निजामुद्दीन
5. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन

| क्षेत्र | दूरी (कि०मी०) | टी०एस०आर० किराया | टैक्सी किराया |
|---|---|---|---|
| शून्य | 0–3 | 8.00 | 16.00 |
| ए | 3–5 | 11.00 | 22.00 |
| बी | 5–8 | 16.00 | 32.00 |
| सी | 8–11 | 20.00 | 40.00 |
| डी | 11–14 | 25.00 | 50.00 |
| ई | 14–17 | 29.00 | 58.00 |
| एफ | 17–20 | 34.00 | 68.00 |
| जी | 20–23 | 38.00 | 76.00 |
| एच | 23–26 | 43.00 | 86.00 |
| आई | 26–29 | 47.00 | 94.00 |
| जे | 29–32 | 52.00 | 104.00 |
| के | 32–35 | 56.00 | 112.00 |
| एल | 35–38 | 61.00 | 122.00 |
| एम | 38 और उससे ज्यादा | 65.00 | 130.00 |

सेवा प्रभार— केवल 1 रु०

सामान प्रभार— 20 कि०ग्रा० से अधिक 1 रु०

रात्रि प्रभार— रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक 25%

**दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा नियंत्रित प्री-पेड काउंटरों पर टैक्सी की दरें**

1. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-I
2. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-II

| क्षेत्र | दूरी (कि०मी०) | टैक्सी किराया |
|---|---|---|
| शून्य | 1–5 | 34.00 |
| ए | 5–8 | 46.00 |
| बी | 8–11 | 63.00 |
| सी | 11–14 | 71.00 |
| डी | 14–17 | 88.00 |
| ई | 17–20 | 97.00 |
| एफ | 20–23 | 113.00 |
| जी | 23–26 | 122.00 |
| एच | 26–29 | 134.00 |
| आई | 29–32 | 147.00 |
| जे | 32–35 | 164.00 |
| के | 35–38 | 176.00 |
| एल | 38–41 | 189.00 |
| एम | 41 और उससे ज्यादा | 202.00 |

सेवा प्रभार—1/- रु० मात्र

सामान प्रभार—20 कि०ग्रा० से अधिक 2/– रु०

रात्रि प्रभार—रात्रि 11 बजे से प्रात: 5 बजे तक 25%

**नोट :** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल–I और II पर टी०एस०आर० सेवा उपलब्ध नहीं है।

**रेड लाइन बसों का चलाया जाना**

1270. **श्री मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में अब तक किन-किन रूटों पर रेड लाइन बसें चलायी गई हैं, वे किन-किन स्थानों से प्रारम्भ होकर किन-किन स्थानों तक जाती है, और उनके सम्बन्धित रूट कौन-कौन से हैं;

(ख) अब तक कुल कितनी रेड लाइन बसें चलायी गई हैं और ऐसी कुल कितनी बसें चलाए जाने की योजना है;

(ग) जनता से किन-किन रूटों पर रेड लाइन बसें चलाए जाने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं; और

(घ) इन अनुरोधों पर क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) :** (क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली की सरकार से ब्यौरे एकत्र किए जा रहे हैं और सदन के पटल पर रख दिए जाएंगे।

(ख) 3000 रेड लाइन बसें शुरू करने की योजना थी तथापि परन्तु अभी तक 2229 रेड लाइन बसें शुरू की गई हैं।